To Remove the 66kV Line

82. SH. DEEPAK MANGLA, MLA :-

Will the Energy Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that a high tension 66KV line is passing over the new extension colony area in Palwal; and

b) if so, whether any survey has been conducted and the estimate of Rupees 3.65 crores has been made to remove the abovesaid line togetherwith the time by which the said work is likely to be started alongwith the details thereof?

Ranjit Singh, Energy Minister

a) Yes Sir, there is a high tension 66 KV Palwal – Chandhut Line passing over the new extension colony in Palwal.

b) Yes, the survey has been conducted to check the feasibility of shifting of this Line. The cost of shifting of a part of this Line from Tower Location No. 1 to 8 through 66 KV underground power cable along the Rasulpur road has been assessed to Rs.3.65 crore.

At present, there is no proposal under consideration to remove this Line as it is an important link between 66kV Substation, Palwal & 66kV Substation, Chandhut and acts as 2nd source of supply for 66kV Substation, Palwal.

66 के.वी. लाइन को हटाना

82. श्री दीपक मंगला, एम.एल.ए.:

क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल में नई एक्सटेंशन कॉलोनी क्षेत्र के ऊपर से 66 के.वी. हाईटेंशन लाइन गुजर रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या कोई सर्वे किया गया है तथा उपरोक्त लाइन को हटाने के लिए 3.65 करोड़ रुपये का अनुमान तैयार किया गया है तथा उक्त कार्य को कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

<u>रणजीत सिंह, ऊर्जा मंत्री</u>

(क) हाँ श्रीमान, पलवल में नई एक्सटेंशन कॉलोनी के ऊपर से एक 66 के.वी. हाई टेंशन पलवल-चांदहट लाइन गुजर रही है।

(ख) हां, इस लाइन को शिफ्ट करने की संभाव्यता की जांच करने के लिए सर्वे किया गया है। रसूलपुर रोड़ के साथ टावर लोकेशन संख्या 1 से 8 तक 66 के.वी. भूमिगत बिजली केबल के माध्यम से इस लाइन के एक हिस्से को शिफ्ट करने की लागत 3.65 करोड़ रुपये आंकी गई है।

वर्तमान में, इस लाइन को हटाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है क्योंकि यह 66 के.वी. सब-स्टेशन, पलवल और 66 के.वी. सब-स्टेशन, चांदहट के बीच एक महत्वपूर्ण लिंक है और 66 के.वी. सब-स्टेशन, पलवल के लिए सप्लाई के दूसरे स्रोत के रूप में कार्य करती है।